तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 25 दिसंबर 2025



14 धर्मांतरण के विरोध में भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल...



14 प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी बलोद में 150 छात्र ...






## विरोध : सर्व समाज की एकजुटता से शांतिपूर्ण रहा आंदोलन, जनजीवन पूरी तरह प्रभावित

# धर्मांतरण के विरोध में बंद को मिला समर्थन व्यापार और करोबार ठप, सड़कों में सन्नाटा

**जिले के आमाबेड़ा की घटना के उपरांत बिगड़े माहौल से कथित धर्मांतरण की घटनाओं के विरोध में बुधवार 24 दिसंबर को सर्व समाज और विभिन्न संगठनों के आव्हान पर कांकेर जिला पूर्ण बंद रखा गया। बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, लेकिन इसका असर जनजीवन पर साफ दिखाई दिया। सुबह से ही बाजार, दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और छोटे-बड़े व्यापारिक केंद्र बंद रहे। सड़कों पर आम दिनों की तुलना में काफी कम आवाजाही देखने को मिली, जिससे जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में सन्नाटा पसरा रहा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सर्व समाज के लोग सुबह से ही बंद की स्थिति का निरीक्षण करते रहे। बाजार, प्रतिष्ठान और यातायात शांतिपूर्ण ढंग से बंद रहे। इसके पश्चात दोपहर लगभग 1 बजे वंदे मातरम स्थल से रैली प्रारंभ होकर नया बस स्टैंड, बाजार डोम तक पहुँची, जहाँ विशाल सभा का आयोजन किया गया। सभा की औपचारिक शुरुआत मंच पर भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, मां दंतेश्वरी एवं भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्रों पर पूजा-अर्चना के साथ की गई। प्रथम वक्ता के रूप में अधिवक्ता मनीष जैन ने बड़ेतेवड़ा में हुई पूरी घटना के बारे में बताया। कमल किशोर कश्यप ने ईसाई मिशनरी गतिविधियों के शांति और करुणा के मुखौटे के पीछे छिपे वास्तविक एजेंडे को उजागर किया। उन्होंने कहा कि यह विषय केवल पूजा-पाठ या व्यक्तिगत आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध देश की राष्ट्रीय अखंडता, सामाजिक अस्मिता और अस्तित्व से है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले सेवा का ढोंग किया जाता है, फिर

**सप्ताहिक बाजार बंद, सड़कों पर सन्नाटा, प्रशासन रहा पूरी तरह अलर्ट**






वर्षों पुरानी परंपराओं को भीतर से खोखला कर रहे हैं। झूठे प्रचार के माध्यम से देवताओं के प्रति अविश्वास पैदा किया जाता है, जिससे भाई-भाई से, परिवार समाज से कटता चला जाता है। विजय मंडावी ने मिशनरी षड्यंत्रों का ऐतिहासिक संदर्भ प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह प्रक्रिया पहले यूरोप में, फिर एशिया में, असम से लेकर सरगुजा और अब बस्तर ▶▶|शेष पेज 12 पर




### कार्यक्रम के समापन अवसर पर रखी माँगे

सर्व समाज के ईश्वर कावड़े ने पाँच प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि राज्य में धर्म स्वतंत्रता विधेयक को सख्ती और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए ताकि प्रलोभन, दबाव और षड्यंत्रपूर्वक किए जा रहे धर्मांतरण पर रोक लगे। जिले में जनजातीय समाज पर हुए संगठित हमले के लिए भीम आर्मी से जुड़े तत्वों एवं कन्वर्टेड ईसाई समूहों के आरोपियों पर कठोरतम धाराओं में तत्काल कार्रवाई की जाए। जनजातीय समाज के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार के गंभीर आरोपों को देखते हुए तत्कालीन एसपी का निलंबन कर उनकी भूमिका की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। शव दफन प्रकरण में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने वाले एसडीएम एवं तहसीलदार पर की गई कार्रवाई को अपर्याप्त बताते हुए उनके निलंबन और उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। ग्रामीणों पर दर्ज आपराधिक प्रकरणों को निरस्त कर हिंसा से पीड़ितों को समुचित मुआवजा देने की भी मांग रखी गई।



## खबर संक्षेप

### अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती दुर्गूकोंदल में मनाई



**दुर्गूकोंदल।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व सुशासन दिवस के रूप में जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में गरिमामय वातावरण में मनाई गई। जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में सुशासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई। जनपद पंचायत सीईओ सुरेन्द्र बंजारे ने अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी का शासनकाल सुशासन, पारदर्शिता और दूरदर्शी नीतियों के लिए सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर एडीशनल सीईओ आरडी ठाकुर, करोपण अधिकारी आरके किशोर सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में 19.28 लाख क्विंटल से अधिक धान किसानों ने बेचा



**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के सभी 149 उपार्जन केंद्रों तथा 70 सहकारी समितियों में किसानों के द्वारा धान बेचा जा रहा है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 19 लाख 28 हजार 069 क्विंटल धान किसानों द्वारा बेचा जा चुका है। इसमें 19 लाख 06 हजार 170 क्विंटल मोटा धान तथा 20 हजार 670 क्विंटल पतला और 01 हजार 228 क्विंटल सरना वैरायटी का धान सम्मिलित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपार्जन केन्द्रों में खरीदी गए धान में से अब तक 41 हजार 310 क्विंटल का उठाव मिलर्स के द्वारा किया जा चुका है।

### अटल चौक में साफ-सफाई की शपथ ली



**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के शक्ति केंद्र मुल्ला में अटल स्मृति वर्ष 2025 के अंतर्गत सुशासन दिवस पर अटल चौक, मुल्ला पहुंचकर ग्रामीणजनों के साथ मिलकर साफ-सफाई एवं रंग-रोगन किया तथा दीप प्रज्वलन का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मोत्सव को पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, महामंत्री राजीव श्रीवास, शक्ति केंद्र संयोजक लक्ष्मण कुलदीप, मतदान केंद्र अध्यक्ष रतन साहू, देवेंद्र साहू, सत्तू मंडावी, वंदना मोहान, ऊषा कुलदीप, हिमांशु नेताम, मोनू उइके, अनूप कुलदीप, अंकित कुलदीप, रोहन कुलदीप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### युवक की मौत, कारण अज्ञात, जांच जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत व्यासकोंगेरा निवासी 25 वर्षीय मलहोत्रा नाग का अज्ञात कारणों से 23 दिसंबर को मौत हो गया। व्यासकोंगेरा निवासी 47 वर्षीय जोगेंद्र नाम पिता मुन्नालाल नाग ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। रोड किनारे मृत अवस्था में पड़ा था। मौत कैसे हुई यह पता नही। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## लामकन्हार में दो वाहनों की टक्कर, युवकों की शिकायत पर 1 चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रायपुर से परीक्षा दिलाकर वापस लौट रहें युवकों के कार को अन्य वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। मामला अंतागढ़ थानांतर्गत लामकन्हार के पास का है, जहां यह घटना हुई। कार में सवार अन्य युवक ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रारंभिक जांच शुरू कर दिया है।

थाना अंतागढ़ में शिकायत करने पहुंचे नारायणपुर जिला के ग्राम टिमनार निवासी 28 वर्षीय धनीराम पोटाई पिता रनसाय पोटाई ने पुलिस को बताया कि 20 दिसंबर को मैं तथा मेरे साथी बालसिंग मंडावी, मनकाय वड्डे एवं संतोष वड्डे के साथ वाहन क्रमांक सीजी 21 जे 4866 के साथ नेशनल एजुकेशन सोसायटी फार ट्राइबल स्टुडेंट का एग्जाम दिलाने रायपुर गए थे। अगले दिन 21 दिसंबर को एग्जाम दिलाकर वापस घर टिमनार आ रहे थे। वाहन कार क्रमांक सीजी 21 जे 4866 को संतोष वड्डे चला रहा था। उसके बगल में मनकाय वड्डे, पीछे सीट पर मैं और मेरा साथी बालसिंग मंडावी बैंठा था। रात करीबन साढ़े 10 बजें लामकन्हार पुलिया के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही वाहन क्रमांक सीजी 04 एलएक्स 8993 के चालक ▶▶|शेष पेज 12 पर



### घर की अलमारी का ताला तोड़कर लाखों के जेवर एवं नकदी की चोरी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत शहर के संजय नगर वार्ड में अज्ञात चोर ने घर के आलमारी में रखे जेवर व नगद पर हाथ साफ कर दिया। थाना में शिकायत करने पहुंचे शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि चोर ने आलमारी के ताला को खोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया और चोरी के बाद ताला के चाबी को यथावत उसी स्थान पर रख दिया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे संजय नगर कांकेर निवासी 70 वर्षीय घुनेश्वर राम सिन्हा पिता स्व. गुलाब राम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि मैं अपने घर में पुस्तैनी ज्वेलर्स सोने का चैन, कंगन, झुमका, मंगलसूत्र, अंगूठी वजनी लगभग 10 तोला जिसकी ▶▶|शेष पेज 12 पर

## कोडेजुंगा चौक पर बाइक ने बाइक को मारी टक्कर, किसान गंभीर, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला सहकारी बैंक से पैसा निकालकर घर लौट रहे एक किसान परिवार के साथ मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। कांकेर बाईपास रोड स्थित कोडेजुंगा चौक के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे एक वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में किसान और उसके भाई को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद घायल किसान के बेटे ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराने पहुँचे कोरर थाना अंतर्गत खासपारा पोटगांव निवासी 24 वर्षीय दीपक कुमार निषाद पिता जगत राम निषाद ने पुलिस को बताया कि खेती-किसानी का कार्य करता है। मेरे पिता जगतराम निषाद और चाचा हेम लाल निषाद 24 दिसंबर को मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीजे 5514 से जिला सहकारी बैंक कांकेर आए थे। बैंक से राशि निकालने के बाद दोनों वापस अपने गांव पोटगांव लौट रहे थे। दोपहर करीब सवा एक बजे जब वे कांकेर बाईपास रोड में कोडेजुंगा चौक के पास पहुंचे, तभी माकड़ी की ओर से आ रहे वाहन क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 2290 के चालक ने तेज गति, लापरवाही और उतावलेपन से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में जगत राम निषाद को सिर, दाहिने पैर और बाएं कंधे में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उनके भाई हेम लाल निषाद को ▶▶|शेष पेज 12 पर



- पैसा निकालने बैंक आया किसान सड़क दुर्घटना का हुआ

## तीन दिनी राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

मानव जागृति सेवा समिति भानुप्रतापपुर के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन 24 दिसंबर से श्री मानस मंच रेस्ट हाउस के सामने प्रारम्भ हो गया है। यह भक्तिमय रामकथा आयोजन अपने सफलतम 22वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, जिसमें राज्यभर की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां सहभागिता कर रही हैं।

सम्मेलन का शुभारंभ 23 दिसंबर की संध्या विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। 24 दिसंबर को दाई के दुलार मानस परिवार कन्हारपुरी गुरुर, जिला बालोद, पवननंदन मानस परिवार ब्राह्मणखेड़ी मोहला-मानपुर, उमाशंकर मानस परिवार कुलेश्वर ताम्रकार, दुर्ग, श्रीरामधुनी जानकी बस्तरिया मंडली कुरुस्टीकुर एवं जय बजरंग मानस परिवार बांसला द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियां दी गईं। भक्तिमय मानसगान से पूरा नगर रामभक्ति में सराबोर हो गया और मानस प्रांगण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन शंकर यादव, उपाध्यक्ष करण सिंह ठाकुर, लीगेन्द्र साहू, होरीलाल यदु, योगेश्वर सिन्हा, भुवनेश्वर साहू, संयुक्त सचिव मनीष जैन सहित समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हुए हैं।

## डीएमएफ व 15 वें वित्त के लाभ से पंचायत वंचित, विरोध में आज सरपंचों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

15 वें वित्त आयोग एवं डीएमएफ की राशि से खनन प्रभावित ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की स्वीकृति नहीं मिलने से सरपंचों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शासन-प्रशासन द्वारा बार-बार अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं किए जाने से नाराज़ सरपंच संघ ब्लॉक दुर्गूकोंदल ने आज गुरुवार को प्रातः 7 बजे दुर्गूकोंदल मुख्य चौक में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं चक्काजाम करने का निर्णय लिया है। सरपंच संघ दुर्गूकोंदल के सचिव मुकेश गावड़े के नेतृत्व में पूर्व में कलेक्टर कांकेर के नाम तहसीलदार दुर्गूकोंदल को ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में छह दिवस के भीतर माइंस प्रभावित पंचायतों में डीएमएफ मद से विकास कार्यों को स्वीकृति देने की मांग की गई थी। समयसीमा ▶▶|शेष पेज 12 पर



### धान बेचकर समर्थन हुए किसान अब हार्वेस्टर खरीदने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज : कांकेर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले के किसान अपना धान बेचकर उससे प्राप्त राशि का अलग-अलग कार्यों में उपयोग कर रहे हैं, जो उनके लिए वरदान साबित हो रही है। इसी क्रम में जिले के चारामा ब्लॉक के ग्राम कुरुभाट निवासी 52 वर्षीय किसान प्रेमलाल चौहान राज्य शासन की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने वर्तमान में 80 क्विंटल धान का विक्रय किया है तथा 100 क्विंटल धान के लिए दूसरी बार टोकन कटवाया है, जिसे वे आगामी दिनों में बेचेंगे। किसान प्रेमलाल चौहान के पास कुल साढ़े 10 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे परंपरागत रूप ▶▶|शेष पेज 12 पर

**सांसद खेल महोत्सव की मेजबानी का मौका कांकेर को मिलना हर्ष का बात**

# प्रतिभागी टीम भावना से उम्दा खेलकूद का प्रदर्शन करें तभी मिलती है कामयाबी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दो दिवसीय आयोजन का नरहरदेव पीएमश्री शाउमावि के खेल परिसर में शुभारंभ हुआ। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी आठ विधानसभा क्षेत्र के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने मुख्य अतिथि की आसंदी से सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी अपने खेल हुनर का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम भावना के साथ खेलें। जिसने अधिक तैयारी और मेहनत की, उसकी जीत सुनिश्चित है। कलेक्टर ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव की मेजबानी का मौका कांकेर जिले को मिलना हर्ष और गर्व की बात है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए अपने जीवन का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर समाज और प्रदेश को गौरवान्वित करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने सांसद खेल महोत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सभी 08 विधानसभा क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना से विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने की अपील की। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने खेल महोत्सव से संबंधित प्रतिवेदन का वाचन किया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को अनुशासन एवं संयम के साथ निष्पक्ष रूप से खेल का प्रदर्शन करने की शपथ दिलाई। इसके पहले सभी 08 विधानसभा क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने खेल मैदान में आकर्षक मार्चपास्ट किया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों के समक्ष रस्साकसी एवं 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा, ▶▶|शेष पेज 12 पर





## खबर संक्षेप



### 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर, मिले 116 आवेदन

कोण्डागांव। जनपद पंचायत केशकाल के ग्राम पंचायत धनोरा में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पहल 'प्रशासन गांव की ओर' के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और ग्रामीणों की समस्याएं सीधे सुनी गईं। शिविर के दौरान ग्रामीणों द्वारा कुल 116 आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनका संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में प्रशासन की सीधी पहुंच सुनिश्चित कर जनसमस्याओं का समाधान करना है। इस अवसर पर केशकाल विधानसभा विधायक नीलकंठ टेकाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई, जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, जनपद सदस्यगण, सीईओ जनपद पंचायत केशकाल तथा तहसीलदार धनोरा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में कुल 20 ग्राम पंचायतें क्लस्टर स्तर पर शामिल हुईं, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त करने का अवसर मिला। प्रशासन गांव की ओर शिविर ग्रामीणों के लिए शासन–प्रशासन से सीधे जुड़ने का प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है।

### नवनिर्मित अटल परिसर का सीएम करेंगे लोकार्पण आज

कोण्डागांव। कोंडागांव नगर पालिका क्षेत्र में गार्डन के पास 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया जाएगा। प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण योजना अंतर्गत अटल परिसरों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें से कुल 115 नगरीय निकायों में अटल परिसर का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया जाएगा।

# जिला प्रशासन की निःशुल्क कोचिंग से 81 युवाओं का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला प्रशासन द्वारा संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान, कोंडागांव से प्रशिक्षण प्राप्त कर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए 81 युवाओं का जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि शासन की मंशा आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण अंचलों के युवाओं को निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराकर उन्हें समान अवसर देना है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य कोचिंग संस्थान युवाओं के सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहा है। साथ ही युवाओं को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता युवाओं की मेहनत के साथ–साथ जिला प्रशासन की दूरदर्शी पहल का परिणाम है।

## कार्यालय में चयनित युवाओं का किया गया सम्मान

### विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में मिला सफलता का परिणाम

10 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हुए लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान में व्यापम बैंकिंग, शिक्षक भर्ती, पुलिस आरक्षक, वन विभाग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। महज एक वर्ष में ही संस्थान से प्रशिक्षण लेकर कई युवाओं ने सफलता प्राप्त की है। इनमें नगर सैनिक में 25 चयन 5 प्रतीक्षा सूची, पुलिस आरक्षक जीडी में 56 चयन 5 प्रतीक्षा सूची, सहायक शिक्षक 1 चयन, अग्निवीर में 1 चयन तथा सिविल जूनियर इंजीनियर में 1 अभ्यर्थी प्रतीक्षा सूची में शामिल है।



### निःशुल्क कोचिंग से युवाओं को मिल रहा नया अवसर

*वर्तमान में संस्थान में व्यापम, शिक्षक भर्ती की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। चयनित युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इच्छुक अभ्यर्थी जिला पंचायत कार्यालय के पीछे स्थित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान, कोंडागांव में संपर्क कर सकते हैं।*

## कलेक्टर के त्वरित निर्देश पर समाज कल्याण विभाग ने उपलब्ध कराया सहायक उपकरण

# सुशासन की संवेदनशील पहल, दिव्यांग मुकेश यादव को मिली मोटराईज्ड ट्राईसिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में निरंतर संवेदनशील प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को जिला कार्यालय कोंडागांव में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कोंडागांव विकासखंड के ग्राम बफना निवासी दिव्यांग युवक मुकेश यादव को मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्रदान किया।

मुकेश यादव अपनी शारीरिक समस्या और दैनिक जीवन में आ रही कठिनाइयों को लेकर जिला कार्यालय पहुंचे थे। उनकी स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्रीमती ललिता लकड़ा को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



### दिव्यांगता पेंशन योजना का भी मिलेगा लाभ


कलेक्टर के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा त्वरित प्रक्रिया अपनाते हुए मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्रदाय किया गया। साथ ही पात्रता अनुसार दिव्यांगता पेंशन योजना का लाभ भी प्रदान किया जाएगा, जिससे उनकी आर्थिक सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

### आईटीआई छात्र को मिलेगी आवागमन में सुविधा

मुकेश यादव वर्तमान में आईटीआई के छात्र है और छात्रवास में रहकर अध्ययन कर रहे हैं। मोटराइज्ड ट्राइसिकल मिलने से अब उन्हें आईटीआई आने–जाने सहित दैनिक कार्यों में सुविधा होगी। उन्होंने इस त्वरित सहायता के लिए शासन–प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह पहल सुशासन की संवेदनशीलता और जरूरतमंदों के प्रति प्रशासन की तत्परता का जीवंत उदाहरण है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग में स्ट्रीट लाइट सुधार कार्य जारी

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार सुधार कार्य किए जा रहे हैं। हाल ही में आयोजित समय–सीमा बैठक में कलेक्टर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–30 अंतर्गत बेड़मा से घोड़ागांव तक एसटीएमसी के तहत सड़क के बीटी पेंच रिपेयर, दुर्घटनाजन्य क्षेत्रें में रोड मार्किंग तथा कोण्डागांव शहर में बंद स्ट्रीट लाइटों के सुधार के निर्देश दिए गए थे। 30 के बेड़मा से घोड़ागांव के मध्य बीटी पेंच रिपेयर का कार्य, बंद स्ट्रीट लाइटों का सुधार, रोड मार्किंग तथा संकेतक एवं सूचनात्मक बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इन कार्यों से सड़क पर दृश्यता बढ़ेगी और दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी।



## मानस सम्मेलन, ज्ञान-संस्कृति और अध्यात्मिकता का संगमः विधायक

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल के अरण्य ग्राम लोहत्तर में जय शीतला जन जागृति सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय संगीतमय मानस गान सम्मेलन पूरे क्षेत्र में आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना की अविरल धारा प्रवाहित कर रहा है। सम्मेलन के दूसरे दिन का आयोजन विशेष रूप से गरिमामय रहा, जब अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि रामायण सम्मेलन ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिकता का ऐसा संगम है, जो न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखता है, बल्कि उसे वर्तमान समय के अनुरूप प्रासंगिक भी बनाता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श, मर्यादा और धर्म आधारित शिक्षाएं आज भी समाज को दिशा देने में सक्षम हैं। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और उन्हें रामायण के मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा देते हैं। विधायक ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि यदि भगवान श्रीराम के दर्शन करने हैं, तो रावण के दर्शन की



आवश्यकता भी समझनी होगी, क्योंकि संघर्ष और पीड़ा के बाद ही सुख की अनुभूति होती है। वक्ताओं ने सामूहिक रूप से यह रेखांकित किया कि सम्मेलन की विषयवस्तु रामायण को सततता, नैतिकता और समकालीन चुनौतियों से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे प्राचीन ज्ञान को आधुनिक संदर्भों में पुनर्परिभाषित करने में सहायता मिलती है। सम्मेलन के दौरान विद्वानों द्वारा रामायण से जुड़े विविध विषयों पर विचार प्रस्तुत किए गए, वहीं कलाकारों ने संगीतमय मानस गान, नृत्य, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। द्वितीय दिवस पर जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, उपाध्यक्ष आनंद तेता, निर्मला कावड़े, जनपद सभापति विकास राजू नायक, सरपंच बसंती भालेश्वर, पुरुषोत्तम देहारी, मेहतर राम दीवान, ढालसिंह पात्र, सोमदेव कोरेटी, दीनदयाल पटेल तथा थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण नामदेव सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे।

# तेन्दूपत्ता संग्रहण में कमी का हुआ अपलेखन संचालक मंडल के बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2025 में संग्रहण के दौरान आए आंधी तूफान एवं नदियों में बाढ आने से तेन्दूपत्ता का काफी नुकसान हुआ था, जिसके कारण जिला यूनियन के प्रबंधकों ने तेन्दूपत्ता के संग्रहण में हुए कमी का अपलेखन करने के लिए लिखित में आवेदन संस्था के अध्यक्ष नितिन पोटाई को दिया था। आवेदन मिलने पर अविलंब जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर की समीक्षा बैठक संस्था के अध्यक्ष नितिन पोटाई की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया।

राज्य लघु वनोपज संघ के निर्देशानुसार दिए गए अपलेखन के अधिकार के तहत बैठक में तेन्दूपत्ता संग्रहण सीजन 2025 के संग्रहण में हुए कमी के अपलेखन की कार्यावही करते हुए प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के संचालक मंडल के प्रस्ताव पारित होने के बाद जिला यूनियन स्तर पर फड़ों में एक पैसा तक की हानि का अपलेखन करते हुए 33,395 मानक बोरा तेन्दूपत्ता की क्षति राशि 5500 रूपये एवं 550 रूपए कुल 650 प्रति मानक बोरा की दर से 2,02,039.75 रूपए का अपलेखन किया गया। इसी तरह फड़ों पर एक प्रतिशत से 2 प्रतिशत का तक की क्षति अपलेखन का प्रस्ताव जिला यूनियन द्वारा किये जाने पर मुख्य वन संरक्षक को अपलेखन के लिए 40.574 मानक बोरा तेन्दूपत्ता क्षति की राशि 5500 एवं 550 रूपए कुल 6050 प्रति मानक बोरा की दर से 245472.70 रूपए अपलेखन जारी किये जाने के लिए प्रतिवेदन दिया गया। इसी तरह फडों पर 2 प्रतिशत से अधिक की क्षति का अपलेखन राज्य लघु वनोपज स्तर पर किये जाने हेतु 335.179 मानक बोरा तेन्दूपत्ता की क्षति राशि 5500 रूपयें एवं 550 रूपए कुल 6050 प्रति मानक बोरा की दर से 20,27,832.95 रूपए अपलेखन के लिए संघ मुख्यालय रायपुर भेजा गया। बैठक में अध्यक्ष नितिन पोटाई न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले लघु वनोपज के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा इनके प्रभारियों से 21 प्राथमिक सहकारी समिति अंतर्गत शामिल गांवों के संग्राहकों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए गए। हर्रा संग्रहण के लिए समिति प्रबंधक से सम्पर्क कर संग्रहण में गति लाने कहा गया। बैठक में उपस्थित संजीवनी मार्ट के कर्मचारियों ने वर्ष वार संस्था को हुए लाभ का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रबंध संचालक रौनक गोयल, संस्था के उपाध्यक्ष नंदलाल मंडावी, संचालक सदस्य सुमित्रा वट्टी, हजारी कुंजाम, सियाराम कोसमा, प्रियंका मेश्राम, धमेन्द्र सेन, योगेश साहू, पुष्पा कवर, हेमन्त सूर्यवंशी, लक्ष्मीनारायण सोनकर, कुंवर साहू, अवध सुरोजिया, अनंत साहू आदि उपस्थित रहे।

## एसआईआर पर केंद्रीय गृहमंत्री शाह के विचार भाजपा मंडल धनेलीकन्हार ने सामूहिक सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा चुनाव सुधार एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के विषय पर दिए गए महत्वपूर्ण व्यक्तव्य को भाजपा मंडल धनेलीकन्हार ने सामुहिक रूप से टिवी पर विडीयो के माध्यम से देखा व सुना।

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर व जिला भाजपा कांकेर के निर्देशन में भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार में 23 दिसंबर को सामुहिक रुप से सुना गया। सदन में चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा की वोट चोरी तीन तरह की होती है। पहला अयोग्य होते ही भी वोट देना, दुसरा बहुमत न होते हुए



भी सरकार बनाना व तीसरी गलत तरीके का इस्तेमाल करके चुनाव जितना। सरदार वल्लभ भाई पटेल को 14 वोट मिलते हैं वहीं नेहरू को 2 वोट मिलते हैं और प्रधानमंत्री नेहरू बनते हैं। इसे कहते हैं वोट चौरी व तीसरा अनेतिक तरीके से चुनाव जितना। इंदिरा गांधी रायबरेली से चुनाव जितनी, जिस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निर्णय लिया की इंदिरा गांधी ने अनुचित तरीके से चुनाव जीता। तब गांधी ने सदन में कानून ही बना डाला की प्रधानमंत्री के उपर कोई केश फाइल नंही हो सकता, इसे कहते हैं वोट चोरी। कोई पत्रकार कांग्रेसीयो से उनकी पसंद का सवाल नहीं पुछते तो उन्होंने कहा जाता है की ये भाजपा का आदमी है। जब कांग्रेस चुनाव जितती है तो ईवीएम ठीक रहता है व हार जाती है तो ईवीएम खराब। कांग्रेस देश में निरेटीव फैलाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष व जनपद सदस्य पंचू राम नायक, सितम्बर कावडे, पुर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, अशोक कचलाम, देवेंद्र यदु, जनपद सदस्य मिथलेश मण्डावी, रमेश साहू, हेमलाल गढहिया, लेम्स अध्यक्ष अमरसिंह बढ़ाई, कृष्णा साहू, संत साहू, प्रींस पांडेय, अंकित टावरी, योगेश ठाकुर, राहुल कावडे रहे।

## पेज 11 के शेष

### धर्मांतरण के विरोध में बंद को

तक फैलाई जा रही है, जिसके माध्यम से धर्मांतरण का एक संगठित नेटवर्क संचालित किया जा रहा है। सभा के उपरांत सर्व समाज द्वारा मुख्यमंत्री के नाम पर एक ज्ञापन सभा स्थल पर उपस्थित अपर कलेक्टर को सौंपा गया।

### लामकन्हार में दो वाहनों की टक्कर..

द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हमारे वाहन को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। दुर्घटना में मुझे गाल, बांएं कंधा, दाहिने पैर एवं सिर, बालसिंग मंडावी के दाहिना पैंर, बांए हाथ, मनकाय वड्डे के पेट तथा संतोष वड्डे के दाहिना जांघ मे चोट आया। हम लोगो को 108 वाहन से अंतागढ़ अस्पताल में भर्ती हुए और उचित ईलाज के लिए हायर सेंटर रिफर करने पर जिला अस्पताल नारायणपुर में इलाज कराए। बालसिंग मंडावी को चोट ज्यादा लगने से जगदलपुर एवं मनकाय वड्डे को रायपुर रिफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक हन क्रमांक सीजी 04 एलएक्स 8993 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### घर की अलमारी का ताला तोड़कर ...

अनुमानित किमत लगभग 8 आठ लाख रुपएं को घर के आलमारी में रख था। किसी अज्ञात चोर द्वारा उक्त ज्वेलर्स एवं नगद 2 हजार 500 रूपएं को चोरी कर आलमारी की चाबी को उसी स्थान में यथावत रख दिया गया था। मेरे द्वारा 22 दिसंबर को शाम 5 बजे चेक करने पर सोने का समान व कैश नहीं था। किसी अज्ञात चोर ने 19 से 22 दिसंबर के मध्य चोरी कर लिया गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कोडेजुंगा चौक पर बाइक..

दाहिनी जांघ, पैर और हाथ में चोट लगी है। आसपास मौजूद लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल कांकेर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की शिकायत पर थाना कांकेर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 (ए) और 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले को विवेचना में लेते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है।

### डीएमएफ व 15 वें वित्त के लाभ से ...

समाप्त होने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने के कारण अब सरपंच संघ एवं ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य हुए हैं। सरपंचों ने बताया कि जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के अंतर्गत राजस्व क्षेत्र में कुल पांच खनन परियोजनाएं संचालित हैं, जिनसे प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये की रॉयल्टी जिला प्रशासन को प्राप्त होती है। इसके बावजूद माइंस से प्रभावित ग्राम पंचायतों में सड़क, पेयजल, नाली, भवन निर्माण, सामुदायिक संसाधन एवं अन्य मूलभूत विकास कार्यों को स्वीकृति नहीं मिल पा रही है। साथ ही 15 वें वित्त आयोग की राशि भी पंचायतों के खातों में समय पर नहीं डाली जा रही है। सरपंचों का कहना है कि खनन गतिविधियों के कारण क्षेत्र में धूल एवं प्रदूषण की समस्या गंभीर हो गई है, जलस्तर लगातार गिर रहा है तथा भारी वाहनों के आवागमन से सड़कों की हालत खराब हो चुकी है। इन समस्याओं को लेकर कई बार शासन-प्रशासन को आवेदन एवं पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं।

### धान बेचकर समर्थन हुए किसान ..

से खेती करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि धान खरीदी केंद्र टाहकापार में कुर्रुभाट, टाहकापार एवं अरौद तीन गांवों के किसानों को धान विक्रय की सुविधा मिल रही है, जिससे किसानों को काफी सहूलियत हो रही है। परिवार के संबंध में उन्होंने बताया कि उनके एक पुत्र एवं एक पुत्री हैं। पुत्र बीजापुर में बिजली विभाग में कार्यरत है, जबकि पुत्री का विवाह हो चुका है। धान खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां आवागमन, बारदाने की उपलब्धता एवं समग्र प्रबंधन संतोषजनक है। धान विक्रय से प्राप्त राशि से वे हार्वेस्टर खरीदने की योजना बना रहे हैं, जिससे खेती को और अधिक आधुनिक, उन्नत व लाभकारी बनाया जा सकेगा। उन्होंने किसान हितैषी नीतियों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

### प्रतिभागी टीम भावना..

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जया मनु, खेल अधिकारी संजय जैन सहित आठों विधानसभा क्षेत्र से आए प्रतिभागी एवं उनके कोच व मैच रैफरी उपस्थित रहे।

## कबड्डी प्रतियोगिता के विजेताओं को नेताम ने किया पुरस्कृत

# खेल से सद्भावना बढ़ती है, भारतीय खेलों को बढ़ावा जरूरीः पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल/तोसकापाल

केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम तोसकापाल में युवा शक्ति संघठन व ग्राम के तत्वावधान में दो दिवसीय डे-नाइट प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक संतराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संतराम नेताम ने कहा कि क्षेत्र में ऐसा कार्यक्रम होते रहना चाहिए, जिससे प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन होता रहे और खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलता है। लक्ष्य निश्चित हो तो सफलता भी निश्चित है, खेल से सद्भावना बढ़ती है,



भारतीय खेलों को बढ़ावा जरूरी है। इस कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि कोंडागांव जिला पंचयात उपाध्यक्ष हिरासिंह नेताम ने कहा कि सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं। समिति के सदस्यों को यह भी कहना चाहता हूं कि समय-समय पर ऐसे प्रतियोगिता होते रहना चाहिए, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और आने वाली पीढ़ी भी देखकर कुछ सीखेगी। जिससे हमारे गांव राज्य देश का नाम रोशन होगा और इस प्रतियोगिता में सालेभाट की टीम ने प्रथम आवाराभाटा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पूर्व विधायक व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने प्रथम पुरस्कार 15000 रुपये द्वितीय पुरस्कार 7500 रुपये तृतीय पुरस्कार 3500 व चतुर्थ पुरस्कार 1500 रुपए एवं कप प्रदान किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मरकाम,श्रीमती कौशल्या मरकाम जनपद सदस्य,रामचरण शोरी जिला सदस्य, देवचंद मातलाम पूर्व जिपं अध्यक्ष, मुकेश मंडावी, सुमिरन शोरी, प्रवेश मरकाम,गणेश जायसवाल व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### किसी भी वर्ग को डरने की जरूरत नहीं : दीपिका

**सुकमा।** जिले में आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को कमजोर करने की कोशिशों पर कड़ा संदेश देते हुए



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने स्पष्ट कहा है कि सुकमा शांतिप्रिय जिला है और यहां किसी भी वर्ग को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने भ्रम फैलाने और भड़काऊ बयान देने वालों को "गंदी मानसिकता से बाहर निकलने" की नसीहत दी। विदित हो कि पड़ोसी राज्य मलकानगिरी में दो वर्गों के बीच बने तनावपूर्ण हालात के बीच सुकमा के एक नेता का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अन्य प्रदेशों से आए लोगों के खिलाफ स्थानीय लोगों को संबोधित किया गया है। इस वीडियो के कारण वर्षों से जिले में निवास कर रहे अन्य वर्गों के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। इस पूरे मामले पर बिना किसी का नाम लिए दीपिका शोरी ने सख्त और संतुलित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ लोग कानूनी जानकारी से वंचित हमारे भोले-भाले आदिवासी भाई-बहनों को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सुकमा की पहचान आपसी प्रेम, सहयोग और भाईचारे से है, जहां वर्षों से आदिवासी समाज और अन्य प्रदेशों से आए लोग मित्रवत, सखा और पारिवारिक रिश्तों के साथ रहते आए हैं।

# जहां पहले खौफ और अंधेरा था, अब वहां पहुंची बिजली, ग्रामीणों में दिखी खुशी की लहर

## सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित 268 गांवों में विद्युत कंपनी ने किया विद्युतिकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लाल आतंक के अंधेरे को खत्म कर विकास की नई किरण जगा रहा है, जहां पहले खौफ और अंधेरा था, अब वहां बिजली पहुंच रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल रही है। बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित 268 गांवों में बिजली पहुंचाने के सरकार के प्रयासों से ग्रामीणों में खुशी की लहर है, जहां दशकों बाद रोशनी पहुंची है। अंधेरे में डूबा यह क्षेत्र अब रोशनी से जगमगा उठा। शासन के नियद नेल्लानार योजना के तहत अब दूरदराज के इलाकों के घरों में भी बिजली की रोशनी दिख रही है, साथ ही बिजली कनेक्शन दिए जा रहे हैं। बिजली आने से शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में विकास के नए रास्ते खुल रहे हैं, जिससे ग्रामीण अपना भविष्य संवार रहे हैं।





### हर संभव बिजली बहाल करें

विद्युत कंपनी सुकमा जिले के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने क्षेत्र के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की बिजली बंद होने की शिकायत तत्काल स्थल में पहुंचे और हर संभव बिजली बहाल करें।

### ग्रामीणों में दिखा उत्साह

बिजली बहाल होते ही ग्रामीणों ने प्रशासन और सुरक्षा बलों का आभार जताया। लोगों ने कहा कि अब वे अन्य बुनियादी सुविधाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और पीने के पानी की मांग भी सरकार से करने लगे हैं। लंबे समय तक डर के साए में जीने वाले लोग अब उम्मीद की नई रोशनी देख रहे हैं।

## 14 वार्डों को मॉडल वार्ड के रूप में विकसित करने नगर निगम व सृष्टि प्राइवेट लिमिटेड की संयुक्त मुहिम

# इंदौर की तर्ज पर शहर को नंबर वन बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर की तर्ज पर नंबर वन बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान में नगर निगम और सृष्टि प्राइवेट लिमिटेड संयुक्त रूप से काम करेंगे। दो महीनों से सृष्टि की टीम नगर निगम के सहयोग से शहर के चिन्हित वार्डों में घर-घर जाकर नागरिकों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने के लिए समझाइश दे रही है। नागरिकों से अपने घरों में दो डस्टबिन रखने, कचरा डस्टबिन में ही डालने तथा नियमित रूप से आने वाली कचरा गाड़ी में ही कचरा देने की अपील की जा रही है।

स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पहले चरण में शहर के 48 वार्डों में से 14 वार्डों को मॉडल वार्ड के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इसके पश्चात शेष सभी वार्डों को भी





चरणबद्ध तरीके से मॉडल वार्ड बनाया जाएगा।

आज सुबह वीर सावरकर वार्ड एवं भैरमदेव वार्ड में महापौर संजय पाण्डे अमले के साथ वस्तुस्थिति देखने पहुंचे। इस दौरान यह पाया गया कि अधिकांश घरों में गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करके कचरा गाड़ी में दिया जा रहा है। जिन घरों में अभी कचरा पृथक्करण नहीं किया जा रहा है, उन्हें समझाइश दी गई। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि लगातार समझाने के बावजूद यदि कोई व्यक्ति कचरा अलग-अलग नहीं देता है, तो उसके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा लगातार नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों को समझाइश देने के साथ-साथ व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, सभी एमआईसी सदस्य, आयुक्त, पार्षदगण तथा अधिकारी-कर्मचारी शहर को स्वच्छ बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

### गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग दे रहे लोग

वीर सावरकर वार्ड में 472 परिवार निवासरत हैं, जिनमें से वर्तमान में 414 परिवार गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करके कचरा गाड़ी में दे रहे हैं। इसी प्रकार अन्य वार्डों के लोग घरों का कचरा नुक्कड़ों में फेंकने के बजाय कचरा गाड़ी में दे रहे हैं।

### नागरिक कर रहे सहयोग

नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। गीला एवं सूखा कचरा पृथक्करण स्वच्छता की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। नागरिकों के सहयोग से ही यह अभियान सफल होगा। मॉडल वार्ड की अवधारणा के माध्यम से हम पूरे शहर में स्वच्छता की एक मिसाल कायम करना चाहते हैं, ताकि आने वाले समय में जगदलपुर स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी शहरों की श्रेणी में शामिल हो सके।

## समग्र बस्तर शोधार्थियों के लिए बहुपयोगी : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वरिष्ठ साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्रही द्वारा लिखित पुस्तक समग्र बस्तर के विषय में शशांक शर्मा ने कहा कि यह पुस्तक बस्तर को जानने समझने वालों के लिए तथा शोधार्थियों के लिए महत्वपूर्ण होगी। इस पुस्तक में बस्तर की इतिहास, कला, पुरातत्व, राजवंश, पर्यटन, पर्व, संस्कृति, बोली-भाषा व्याकरण, शब्दकोश आदि विषयों को समाहित किया गया है ।


## बालिकाओं से दुष्कर्म व छेड़छाड़ के दो अभियुक्त को कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में नाबालिग किशोरियों से दुष्कर्म के मामले मे एफटीसी ने अभियुक्तों मंजीत कश्यप एवं दूसरे मामले में बैदूराम कश्यप को आईपीसी और पोक्सो एक्ट के तहत कारावास तथा अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक वरूणा मिश्रा ने शासन की ओर से पैरवी की।

- छेड़खानी के आरोपित को 3 माह व दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 साल की सजा

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 मई 2023 को पीड़िता अपने बुआ के घर आई हुई थी। तामाकोनी चौक के पास वह रिश्ते में अपने भाई के साथ स्कूटी में सवार होकर कहीं जा रही थी। इस दौरान वहां मौजूद मंजीत कश्यप ने किशोरी पर भद्दा कमेंट पास किया। उसके भाई की ओर से इसका विरोध करने पर मंजीत कश्यप निवासी आसना, समेत वहां मौजूद अन्य विनोद, बलराम कश्यप निवासी भडिसगुड़ा, अमर कश्यप निवासी हाटपदमूर व भुनेश्वर बघेल निवासी हाटपदमूर ने स्कूटी से दोनों को नीचे खींच लिया। युवक से मारपीट किया गया। वहीं किशोरी से सार्वजनिक रूप से अश्लील हरकत की गई।



घटना के बाद वहां मौजूद वरिष्ठ ग्रामीण ने बीच-बचाव का प्रयास किया। मामले की रिपोर्ट पर परपा थाने में आरोपितों पर पोक्सो समेत विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चालान कोर्ट में पेश किया गया था। मामले में विचारण करते एफटीसी की विशेष न्यायाधीश संगीता नवीन तिवारी ने अभियुक्त के अधिवक्ताओं का पक्ष सुनने के उपरांत आरोपितों को दोषी ठहराते पोक्सो एक्ट के तहत तीन वर्ष के कारावास व जुर्माने की सजा से दंडित किया। दूसरे प्रकरण में 30 मई 2023 को बस्तर जनपद के ग्राम ईच्छापुर क्षेत्र की नाबालिग किशोरी को आरोपित बैदूराम निवासी जिला दंतेवाड़ा बहला फुसलाकर कारली दंतेवाड़ा ले गया था, जहां एक डामर प्लांट में किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से उसे छुड़ाकर स्वजनों के सुपूर्द किया। प्रकरण की सुनवाई करते कोर्ट ने अभियुक्त बैदूराम को पोक्सो एक्ट के तहत 20 साल की सजा सुनाई। वहीं आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत भी सजा व अर्थदंड से दंडित किया।

# बंद के दौरान कुछ जगह विवाद और धमकी के साथ तोड़फोड़ भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बंद के दौरान शहर के कुछ ईलाकों में विवाद की स्थिति नजर आई। जहां दुकान खुली देख कुछ युवाओं ने धमकाते हुए सामानों को नुकसान भी पहुंचाया। शहर के मेन रोड में त्यौहार में ग्राहकी को लेकर इक्का दुक्का दुकान खुले रहे। शहर घुम रहे युवाओं ने दुकानें खुली देख आपे से बाहर हुए। विवाद की स्थिती भी उत्पन्न हुई।

- मेन रोड, रमैय्या वार्ड और विशाल मेगा मार्ट में रैली में शामिल कुछ लोगों का रवैया आपत्तिजनक







गौरव लॉज के सामने भी दुकान बंद कराते समय शटर पर लात मारने का वीडियों भी सोशल मीडिया में लोग डालते रहे। धरमपुरा रोड स्थित वर्गिस विंग्स युवाओं की रैली पहुंची। भीड़ में मौजूद कुछ युवकों ने वहां क्रिसमस के लिए की गई साज सज्जा को नुकसान पहुंचाया और सांता क्लॉज के स्टेच्यू को गिरा दिया। दरअसल कल क्रिसमस के त्यौहार के कारण परिसर में आकर्षक साज सज्जा की गई थी। यहां वर्गिस विंग्स एक रेसिडेंशियल के साथ कामर्शियल अपार्टमेंट भी है। जिसके मालिक इंजीनियर वर्गिस का इसी परिसर में ऑफिस है और विंग्स के प्रथम तल पर विशाल मेगा मार्ट स्थित है। बंद के मद्देनजर आज दोनों ही प्रतिष्ठान ग्राहकों के लिए बंद थे। विशाल मेगा मार्ट के कर्मचारी प्रथम तल पर अपने दैनिक कार्य निपटा रहे थे। भीड़ ने प्रथम तल पर जाके काफी शोर शराबा किया। संचालक के अनुसार गंदी गंदी गालियां भी दी गई। विंग्स के मैनेजर ने बताया कि रैली में काफी संख्या में लोग थे जो लगातार धार्मिक नारे लगा रहे थे। उन्होंने परिसर में मौजूद सामानों को नुकसान भी पहुंचाया है जो सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुआ है। फिलहाल भीड़ के इस तरह के व्यवहार से प्रतिष्ठान के लोग आहत हुए और नुकसान की शिकायत पुलिस प्रशासन से करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी धर्म का सम्मान करते है लेकिन बंद की आड़ में इस तरह से किसी के धार्मिक भावनाओं को आहत करना उचित नहीं है।

## राजूर एजेंसी में गैस टंकी की किल्लत




हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल

तोकापाल ब्लाक के राजूर इंडियन गैस एजेंसी में गैस टंकी की भारी किलत है। पिछले 10 दिसम्बर को गाड़ी आई थी अब 22 तारिख तक गैस टंकी आ रही है पर लोगों को नहीं मिल रही है। ऐसे में उज्वल्ला गैस योजना को हर घर तक कैसे पंहुचायेंगे जब ब्लॉक मुख्यालय होने के बाद भी भाजपा के विधायक व सासंद के रहते सुविधा नहीं मिल पा रही है। फूड विभाग भी इसकी जांच नहीं कर रहा है गांव के बीचो बीच सुरक्षा को लेकर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यहां एजेंसी में लोगों को गैस टंकी नहीं मिलती। वही इनकी सब एजेंसी के नाम से भढ़सि गांव में लोगों का पासबुक जमा कर काला बाजारी हो रहा है।

- त्यौहार के समय लकड़ी जलाने की नौबत

# भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ भगवान अयप्पा स्वामी का महापड़ी पूजा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

नगर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब भगवान अयप्पा स्वामी की महापड़ी पूजा का आयोजन अत्यंत भक्ति भाव एवं विधि-विधान के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर पुण्य लाभ के सहभागी बने।

समस्त भक्तगणों के सहयोग से आयोजित इस महापड़ी पूजा महोत्सव में वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। नगर भ्रमण के साथ देवी-देवताओं की मूर्तियों का




स्वागत किया गया। वहीं शिव मंदिर प्रांगण में पूजा-अर्चना के दौरान भजन-कीर्तन एवं मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा।

महापड़ी पूजा का शुभारंभ सायंकाल निर्धारित समय पर हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान अयप्पा स्वामी से सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। पूजा उपरांत समस्त भक्तों को तीर्थ प्रसाद एवं अल्पाहार का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अयप्पा सेवा समिति भोपालपटनम, पुजारीगण एवं समस्त नगरवासियों का सराहनीय योगदान रहा। भक्तों ने इस भव्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों की निरंतरता की कामना की।

पूरे आयोजन ने नगर में धार्मिक सौहार्द, आस्था और सामूहिक सहभागिता का सुंदर संदेश दिया।

## कार्यालयीन कर्मी की समस्याओं व लंबित मांगों पर की चर्चा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी कार्यालय कर्मचारी संघ के तत्वावधान में कांकेर वृत्त के अधीक्षण अभियंता हेमंत सूर्यवंशी के साथ एक औपचारिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संघ द्वारा पूर्व में प्रस्तुत पत्र के आधार पर आयोजित की गई, जिसमें कार्यालयीन कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मांगों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। संघ के अध्यक्ष गगन राज हिरवानी, महामंत्री धर्मेंद्र कुमार देवांगन, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष योगेंद्र कश्यप सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। संघ द्वारा कर्मचारियों से संबंधित प्रमुख मुद्दों जैसे कार्यालयीन मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, स्थानांतरण एवं पदस्थापना से जुड़ी समस्याएं, कर्मचारियों का अनाधिकृत अधिकारी द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश, वार्षिक गोपनीय चरित्रावली, अनुकंपा नियुक्ति एवं



नियमितीकरण, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं मेडिकल कैंप, कार्यभार के अनुपात में संसाधनों की उपलब्धता, व्हाट्सएप, डिजिटल माध्यमों से कार्य लेने की प्रक्रिया में स्पष्ट दिशा-निर्देश आदि विषयों को विस्तार से रखा गया।

अधीक्षण अभियंता द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं यथासंभव निराकरण हेतु सकारात्मक आश्वासन दिया गया। बैठक में आपसी संवाद, सहयोग एवं समन्वय के माध्यम से समस्याओं के समाधान पर सहमति बनी। संघ ने आशा व्यक्त की कि चर्चा के उपरांत कर्मचारियों से जुड़ी जायज मांगों पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिससे कार्यस्थलों पर बेहतर वातावरण एवं कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।

# पेसा कानून ही पारंपरिक व्यवस्था का असली संरक्षक : हरीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

आदिवासी समाज की परंपरा, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा का सबसे सशक्त माध्यम पेसा कानून है। यह बात जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरीश कवासी ने बुधवार को सोनाकुकानार में आयोजित पेसा दिवस कार्यक्रम के दौरान कही। कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और पेसा कानून को लेकर जागरूक हुए।

- सोनाकुकानार में कांग्रेस ने मनाया पेसा दिवस, ग्रामीणों को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

कार्यक्रम में बताया गया कि 24




दिसंबर 1996 को पेसा कानून लागू हुआ था। इसी उपलक्ष्य में जिले के अलग–अलग क्षेत्रों में पेसा दिवस मनाया गया। सोनाकुकानार में आयोजित कार्यक्रम में पेसा कानून के जानकारों ने ग्रामीणों को इसके प्रावधानों और अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों को पेसा कानून की पुस्तकों का वितरण भी किया गया, ताकि वे अपने अधिकारों को बेहतर ढंग से समझ सकें।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि "हमारे पूर्वज जिस पारंपरिक व्यवस्था का पालन करते आए हैं, उसे संरक्षण देने का काम पेसा कानून करता है। यह कानून ग्राम सभा को ताकतवर बनाता है। जरूरत सिर्फ इसके सही और ईमानदार क्रियान्वयन की है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरूक होना होगा, तभी पेसा कानून की असली ताकत सामने आएगी।

पेसा कानून के विशेषज्ञों ने भी कार्यक्रम में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण, भूमि अधिग्रहण, विकास परियोजनाओं की अनुमति, यहां तक कि छोटे–मोटे विवादों का निपटारा और विकास योजनाओं की निगरानी का अधिकार भी ग्राम सभा के पास है। पेसा कानून आदिवासी स्वशासन की मजबूत नींव है, बस इसे समझने और लागू करने की जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने पेसा कानून को लेकर चर्चा की और इसे अपनी पहचान व अधिकारों की रक्षा के लिए जरूरी बताया।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भानुप्रतापपुर जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.

:: शपथ पत्र ::

बिरझू राम पिता दुवारू राम उम्र 50 वर्ष जाति गोंड़ निवासी डंडईखेडा थाना लोहत्तर तहसील दुर्गूकोंदल जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.,मैं सत्य एवं निष्ठापूर्वक निम्नलिखित कथन करता है किः-

1.यह कि मेरा विवरण व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे पुत्र के आधार क्रमांक 2107 1102 7462 है जिसमें उनका नाम त्रूटिवश अंजोरी दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम दुष्यंत कुमार (DUSHYANT KUMAR) है।
3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 2107 1102 7462 में दर्ज नाम अंजोरी के स्थान पर सही व वास्तविक नाम दुष्यंत कुमार (DUSHYANT KUMAR) दर्ज कराना चाहता हूँ जिस संबंध में शासकीय गजट,राजपत्र में प्रकाशित किये जाने के संबंध में आपके समक्ष आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं शपथकर्ता सत्य एवं निष्ठापूर्वक यह सत्यापित एवं घोषित करता हूँ कि उपरोक्त कंडिका 01 से 03 तक में वर्णित समस्त तथ्य मेरी निजि जानकारी में सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 24.12.2025 को स्थान भानुप्रतापपुर में अपना हसताक्षर कर सत्यापित किया हूँ ।

बिरझु राम
शपथकर्ता

### सभी विकासखंडो की सड़कें रहीं सूनी, सर्व समाज के आव्हान को मिला व्यापक समर्थन


# धर्मांतरण के विरोध में भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल पखांजूर समेत अन्य ब्लाकों में बंद रहा असरदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर/दुर्गूकोंदल /पखांजुर

ईसाई मिशनरियों द्वारा कथित रूप से किए जा रहे जबरन धर्मांतरण के विरोध में आहूत छत्तीसगढ़ बंद का भानुप्रतापपुर ब्लॉक में व्यापक और ऐतिहासिक असर देखने को मिला। सर्व समाज के आव्हान पर नगर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रखे, जिससे सुबह से ही बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। बंद को किसी एक वर्ग तक सीमित न मानते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों, आदिवासी समाज और आम नागरिकों ने खुलकर समर्थन दिया। बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भोली-भाली जनता, विशेषकर आदिवासी समाज की धार्मिक आस्था और परंपराओं के साथ सुनियोजित तरीके से छेड़छाड़ की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रलोभन एवं अन्य माध्यमों से कराया जा रहा धर्मांतरण सामाजिक समरसता और पारंपरिक संस्कृति के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। समाज प्रमुखों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि ऐसी गतिविधियों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक व तीव्र किया जाएगा। हमारी धार्मिक आस्था और आदिवासी संस्कृति के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बंद प्रशासन और सरकार के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है। बंद के मद्देनज़र स्थानीय प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। नगर के संवेदनशील चौराहों और प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। हालांकि, पूरा आंदोलन शांतिपूर्ण रहा और कहीं से भी हिंसा या तोड़फोड़ की कोई सूचना नहीं मिली। शाम तक भानुप्रतापपुर ब्लॉक के अधिकांश बाजार बंद रहे। लोगों ने एक स्वर में सरकार से धर्मांतरण विरोधी कानूनों को सख्ती से लागू करने तथा आदिवासी समाज की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग किया।

## बांदे और कापसी के बाजार रहे पूरी तरह बंद



पखांजुर। परलकोट क्षेत्र में पखांजूर, बांदे और कापसी सहित पूरे क्षेत्र की दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। व्यापारियों और स्थानीय दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखकर इस आव्हान को पूर्ण समर्थन दिया। विशेष बात यह रही कि आज बुधवार का दिन था, जो पखांजूर के साप्ताहिक बाजार के लिए जाना जाता है। आमतौर पर इस बाजार में सुबह 8 बजे से लेकर रात 8 बजे तक भारी गहमागहमी रहती है। इस बाजार में न केवल स्थानीय बल्कि बहुत दूर-दूर से व्यापारी अपना सामान बेचने पहुँचते हैं, जिससे यहाँ लाखों का कारोबार होता है। बंद के कारण सप्ताहिक बाजार के दिन भी सड़कों और बाजार स्थल पर पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा। दूर-दराज से आने वाले दुकानदारों और स्थानीय व्यापारियों ने अपनी दुकानें नहीं खोली। बाजार बंद होने से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों की संख्या भी न के बराबर रही। बांदे और कापसी जैसे प्रमुख केंद्रों में भी बंद का असर शत-प्रतिशत देखा गया। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने एकजुटता दिखाने के लिए अपनी मर्जी से इस बंद का समर्थन किया है। शाम तक पूरे परलकोट क्षेत्र में सन्नाटे जैसी स्थिति बनी रही, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि बंद पूरी तरह सफल रहा।

## धर्मान्तरण के मुद्दे पर आमजनता में मिशनरियों के प्रति दिखा आक्रोश

दुर्गुकोंदल। ईसाई मिशनरियों द्वारा कथित जबरन धर्मांतरण के विरोध में आहूत छत्तीसगढ़ बंद का दुर्गुकोंदल में व्यापक असर देखने को मिला। बंद को सर्व समाज का समर्थन प्राप्त हुआ, जिसके चलते नगर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान दिनभर बंद रहे। ब्लाक मुख्यायल दुर्गूकोंदल में सुबह से ही बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। गोंडवाना समाज एवं सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रामचंद्र कल्लो, शकुंतला नरेटी के नेतृत्व में समाज प्रमुख सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी बंद के समर्थन में सड़कों पर उतरे और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि मिशनरियों द्वारा आदिवासी समाज की धार्मिक आस्था के साथ छेड़छाड़ की जा रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बंद के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। स्थानीय लोगों में धर्मान्तरण को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिला और सभी ने एक स्वर में इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की।



## कहाड़गोंदी के राष्ट्रीय पेसा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा विकासखण्ड के ग्राम कहाड़गोंदी में आयोजित कोया पुनेम व संवैधानिक विषयों पर आधारित पांच दिवसीय केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर में आज राष्ट्रीय पेसा दिवस के अवसर पर पेसा एक्ट के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सावित्री मनोज मंडावी, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी भी शामिल हुए। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पेसा दिवस के मूल भावना को गांव-गांव तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। गोंडवाना समाज की परंपरा, रीति-नीति व संस्कृति को समझने और उसके संवर्धन के लिए यह प्रशिक्षण बहुत उपयोगी होगा। हम सबको एक दूसरे का सहयोग करते हुए समाज की सेवा करना चाहिए। आदिवासी समाज प्रकृति के पुजारी हैं, जल, जंगल और जमीन को बचाकर रखें, शिक्षा को महत्व दें, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। युवाओं को नशा से दूर रहने के लिए अपील भी उनके द्वारा की गई। इस अवसर पर विधायक श्रीमती मंडावी द्वारा ग्राम कहाड़गोंदी एवं ग्राम पुरी में गोटुल के लिए भवन निर्माण करवाने की घोषणा भी की गई। कलेक्टर ने राष्ट्रीय पेसा दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम में पेसा एक्ट की भी जानकारी दी गई, जिससे प्रकृति के संरक्षण के साथ ही पारंपरिक ज्ञान व संस्कृति तथा परंपरा को बचाए रखने में मदद मिलेगी, वनों का संरक्षण व संवर्धन भी होगा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में आदिवासी समाज निवास करते हैं, वह क्षेत्र जल, जंगल व खनिज से भरा हुआ है। लेकिन इन क्षेत्रों में सामाजिक सूचकांक भी बहुत कम है और साथ ही गरीबी भी है जिसे दूर करना शासन की प्राथमिकता में शामिल है। जनप्रतिनिधि एवं समाज के लोग मिलकर सामाजिक सूचकांक को बढ़ाने का प्रयास करें तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर द्वारा ग्राम कहाड़गोंदी में आंगनबाड़ी भवन एवं पीडीएस दुकान के लिए स्वीकृति प्रदान की। प्रशिक्षण सत्र को जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर पेसा भाग-दो पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में गोंडवाना समाज समन्वय समिति से विजय ठाकुर, ललित नरेटी, अश्वनी कांगे, कलार समाज के संभागीय अध्यक्ष पुरषोत्तम गजेन्द्र सहित गोंडवाना समाज के पदाधिकारी, समाज प्रमुख व युवागण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मौत के 4 प्रकरणों में 16 लाख मदद मंजूर

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने तालाब में डूबने तथा सर्प काटने से मृत्यु होने के 04 प्रकरणों में मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार-चार लाख रूपए की मान से 16 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। कांकेर तहसील अंतर्गत ग्राम तालाकुर्रा के 07 वर्षीय हिमांशु केमरो की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता दिलेश केमरो और अंबिका केमरो के लिए चार लाख रूपए तथा ग्राम गौरगांव निवासी 89 वर्षीय कल्याण सिंग भास्कर की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के कारण उनके निकटतम आश्रित मयाराम, सियाराम, सियाबाई, श्यामाबाई के लिए चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम गुड़फेल निवासी 68 वर्षीय खुजी बाई की नाला में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वारिस बैजूराम बोगा के लिए चार लाख रूपए तथा ग्राम परेंकोड़ो के 05 वर्षीय दिव्यांश गावड़े की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता मानेश गावड़े और ललिता गावड़े के लिए संयुक्त रूप से चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### ग्रामसभा को सशक्त, प्रभावी एवं निर्णायक बनाने का लिया संकल्प

**जगदलपुर।** लालबाग मैदान में समाजों के प्रमुखों एवं लोगों ने पेसा दिवस उत्साह, एकता एवं मजबूती के साथ सामूहिक रूप से मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर संविधान में निहित पेसा कानून (पंचायत विस्तार अधिनियम) के उद्देश्यों, महत्व तथा आदिवासी समाज को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वक्ताओं ने पेसा कानून को आदिवासी स्वशासन, लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा एवं ग्राम स्वराज की रीढ़ बताया। कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि ग्रामसभा को और अधिक सशक्त, प्रभावी एवं निर्णायक बनाया जाएगा, ताकि गांव स्तर पर विकास से जुड़े सभी निर्णय ग्राम सभा के माध्यम से लिए जा सकें और लोकतांत्रिक अधिकारों का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित हो सके। साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों, सामाजिक बुराइयों एवं गलत परंपराओं को समाप्त करने सामूहिक प्रयास करने का भी संकल्प लिया गया।

## प्रदेश सरकार आदिवासी समाज की हितैषी है तो धर्मांतरण विषय पर लाए विधेयक : दुग्गा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

आमाबेड़ा के बड़े तेवड़ा में हाल ही में हुए धर्मांतरण विवाद को लेकर जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष देवलाल दुग्गा ने प्रदेश सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। मंगलवार शाम पत्रकार भवन भानुप्रतापपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार वास्तव में आदिवासी समाज की हितैषी है, तो उसे धर्मांतरण पर सख्त विधेयक लाना चाहिए। देवलाल दुग्गा ने कहा कि आदिवासी समाज पर अत्याचार कोई नई बात नहीं है। मुगल शासन से लेकर अंग्रेजी हुकूमत तक आदिवासियों का शोषण होता रहा है। देश की आज़ादी के बाद भी कुछ राजनीतिक दलों और पूंजीपतियों के संरक्षण में बड़े पैमाने पर आदिवासियों का धर्मांतरण कराया गया। उन्होंने बताया कि जब धर्मांतरित हो चुके बुजुर्ग आदिवासियों से बातचीत की



जाती है, तो बीमारी, शिक्षा और आर्थिक मजबूरी जैसे कारण सामने आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी समाज का एक बड़ा वर्ग आज भी अपने पुरखों द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर अपने पारंपरिक धर्म, देवी-देवताओं और संस्कृति का पालन कर रहा है। यही कारण है कि समय-समय पर धर्मांतरण के विरोध में समाज के लोग आवाज उठाते रहे हैं। बड़े तेवड़ा में हुए विवाद पर टिप्पणी करते हुए दुग्गा ने कहा कि इस घटना में आदिवासी समाज की गलती नहीं मानी जा सकती। उनके अनुसार पहले मसीह समाज के लोगों द्वारा लाठी-डंडों से हमला किया गया, जिसके बाद आदिवासियों ने आत्मरक्षा में प्रतिकार किया और स्थिति विवाद में बदल गई। उन्होंने कहा कि संवैधानिक दृष्टि से देखा जाए तो पेसा एक्ट के तहत ग्राम सभा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रदेश सरकार को स्मरण कराया कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान कुछ मंत्रियों ने धर्मांतरण पर विधेयक लाने की बात कही थी, लेकिन सत्र समाप्त हो गया और इस विषय पर कोई ठोस चर्चा नहीं हुई। प्रदेश सरकार से स्पष्ट शब्दों में अपील करते हुए कहा कि यदि किसी कारणवश शीतकालीन सत्र में धर्मांतरण पर विधेयक प्रस्तुत नहीं किया जा सका है, तो सरकार को चाहिए कि वह महामहिम राज्यपाल से अध्यादेश लाकर धर्मांतरण विरोधी कानून को तत्काल प्रभाव से लागू करे।

## प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी बलोद में 150 छात्र-छात्राओं के दल को भेजने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत देश की प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी जिला बालोद में 09 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित है। प्रथम राष्ट्रीय जंबूरी की तैयारी एवं जिले में स्काउटिंग गतिविधियों को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ प्रत्येक विकासखंड से जम्बूरी की जाने प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं को इस आयोजन में सहभागिता बनाने के उद्देश्य से जिला मुख्य आयुक्त भारत मटियारा राज्य मंत्री मत्स्य बोर्ड छग शासन के मुख्य आतिथ्य और रमेश निषाद जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रदीप कुमार सेन ने बताया कि यह भारत देश के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी गौरव का पल है कि यह अवसर बालोद जिले को प्राप्त हो



रहा है, जिसमें विभिन्न देशों और भारत देश के विभिन्न राज्यों के 15000 हजार से अधिक रोवर रेंजर, प्रभारी स्काउटर गाइडर भाग लेंगे। बैठक में जंबूरी तैयारी के संबंध में प्रत्येक संस्था, शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं का बीएससी यूआईडी के साथ जंबूरी में जाने वाले प्रतिभागियों का बीएसजी इवेंट में ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्यतः करने, जिले से प्रतिभागियों को जंबूरी पहुंचने संसाधन, पूर्वाभ्यास के लिए स्थान चयन, प्रभारीयो की ड्यूटी, यूनिफॉर्म, सम्पूर्ण जंबूरी प्रोग्राम, जंबूरी के लिए आवश्यक संसाधन एवं सामान सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आवश्यक साज सज्जा, सामान वेशभूषा जैसे विभिन्न एजेंडों और मुद्दे पर चर्चा किया विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विकासखंड के अंदरूनी क्षेत्र के बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित करने तथा जंबूरी से संबंधित विभिन्न नियमों, आवश्यक जानकारियों एवं निर्देशों को संबंधित प्रभारी एवं बच्चों को शेयर करने के लिए निर्देशित किए। जिला मुख्य आयुक्त भारत मटियारा ने कहा कि ऐसा अवसर है जब जिले के बच्चों को विभिन्न देशों व राज्यों से आए प्रतिभागियों के रहन-सहन, खान-पान व वेशभूषा संस्कृति को करीब से जानने और देखने का अवसर प्राप्त होगा। सभी को हर प्रतियोगिता व आयोजन में अनिवार्य रूप से भाग लेकर जिले का नाम रोशन करने शुभकामनाएं प्रेषित किए।

इस अवसर पर जंबूरी प्रथम बैठक में जिला मिशन समन्वय नवनीत पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी केजू राम सिन्हा, एपीसी पंकज श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त किरण ठाकुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रदीप सेन, वरिष्ठ स्काउटर राजेंद्र आर्ची, ओमप्रकाश सेन, दन्तेश्वरी तिवारी, संजय जुर्री, गोपी मरकाम, प्रदीप साहू, धार्मिक मरकाम, सतीश प्रसाद, हर्ष डोंगरे अन्य पदाधिकार स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे।

### खेल, संस्कृति और साहस का महासंगम बना खेलो जेपीआईएस 2025

# जेपीआईएस में मल्लखंब के रोमांचक करनामों में विद्यार्थियों का साहस एवं जोश हुआ उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जेपी इंटरनेशनल स्कूल के भव्य परिसर में 22 एवं 23 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय स्पोर्ट्स कार्निवल खेलो जेपीआईएस 2025 खेल भावना, सांस्कृतिक चेतना, साहसिक रोमांच और अनुशासन का ऐसा विराट उत्सव बनकर उभरा, जिसने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अतिथियों के मन में अविस्मरणीय स्मृतियाँ छोड़ दीं। दो दिनों तक चली विभिन्न खेल स्पर्धाओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण समारोह में पदक, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पहले दिन के गरिमामय उद्घाटन से लेकर दूसरे दिन के भव्य समापन तक संपूर्ण विद्यालय परिसर उत्साह, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई दिया। कार्निवल का शुभारंभ पारंपरिक वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई आकर्षक कार्निवल वॉक ने खेल भावना, एकता, अनुशासन और समरसता का प्रभावशाली संदेश दिया। स्वागत गीत, ध्वजारोहण, जेपीआईएस एंथम, खेल शपथ ग्रहण समारोह, खेल मशाल प्रज्ज्वलन एवं गुब्बारों के विमोचन के साथ स्पोर्ट्स कार्निवल का विधिवत आग़ाज़ हुआ, जिसने वातावरण को गौरव और उल्लास से भर दिया। इस दो दिवसीय आयोजन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सीसीएफ आईएफएस राजेश कुमार चंदेले एवं आईएएस कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर तथा विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक आई एलिसेला,





डीएफओ रौनक गोयल तथा जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी उपस्थित रहे एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अंतागढ़ विक्रम उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष गौरव प्रदान किया। ड्रिल पैराशूट, ड्रिल अम्ब्रेला एवं आकर्षक मार्च पास्ट ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नर्सरी से लेकर प्राथमिक कक्षाओं तक के विद्यार्थियों के लिए फ्लैग रेस, टनल रेस, हर्डल रेस, फ्रूट बास्केट रेस, हूला हूप रन, फ्रॉग रेस, मार्बल एंड स्पून रेस, सैक रेस एवं कोन बैलेंस रेस जैसी प्रतियोगिताओं ने मासूम उत्साह और खेल प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन प्रस्तुत किया। अभिभावकों के लिए आयोजित टग ऑफ वॉर ने सामूहिक सहभागिता और उल्लास को और भी सशक्त किया। खेलों के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को विशेष ऊँचाई प्रदान की। मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स सॉन्ग, रिद्म ऑफ थ्री डांस, मैरी कोम डांस एवं ऊर्जावान भांगड़ा नृत्य ने खेल और संस्कृति का प्रभावशाली संगम प्रस्तुत किया। साहसिक गतिविधियों के अंतर्गत हॉट एयर बैलून, एटीवी बाइक, जिप लाइन, बर्मा ब्रिज, जॉर्बिंग, वीआर क्रिकेट, एयर गन एवं आर्चरी ने विद्यार्थियों के भीतर साहस, आत्मविश्वास और रोमांच की भावना को प्रोत्साहित किया। फूड स्टॉल्स, शैक्षणिक प्रदर्शनियाँ एवं मनोरंजक गतिविधियों ने परिसर को एक जीवंत उत्सव स्थल में परिवर्तित कर दिया। दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में बांस ड्रिल, मार्शल आर्ट्स प्रदर्शन, साड़ी ड्रिल, कंगारू जंप, ऑब्स्टैकल रन, सैक रेस, मेक माय वे रन, जिग-जैग रेस, थ्री-लेग्ड रेस, टायर रन, हूला हूप के साथ बॉल रोलिंग, शटल रन, टायर फ्लिपिंग एवं कप बैलेंस विद बैलून रेस जैसी स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता और टीम भावना को भी उजागर किया। समारोह का सबसे प्रभावशाली और चर्चित आकर्षण मल्लखंब प्रदर्शन रहा। अबूझमाड़ मल्लखंब अकादमी के खिलाड़ियों ने लकड़ी के खंभे पर अद्भुत संतुलन, शक्ति, लचीलापन और साहस का ऐसा प्रदर्शन किया । शिव शक्ति अभिनय नृत्य, गुजराती नृत्य, पीवी सिंधु ग्रुप स्पोर्ट्स सॉन्ग एवं सचिन तेंदुलकर ग्रुप डांस जैसी प्रस्तुतियों ने समापन समारोह को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य ने आयोजन की अभूतपूर्व सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों, आयोजन समिति, खेल विभाग, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ खेलो जेपीआईएस 2025 का गरिमामय समापन हुआ।

### अतिथियों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की

अतिथियों ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित, लक्ष्यपूर्ण और आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्निवल के दौरान विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का व्यापक आयोजन किया गया।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन

पंजीयन की अंतिम तिथि में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को पात्रतानुसार पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जानी है। शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के लिए आवेदन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन माध्यम से की जा रही है। आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि में वृद्धि करते हुए विद्यार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण का ऑनलाईन आवेदन 15 जनवरी 2026 तक प्राप्त की जाएगी। संस्थाओं द्वारा प्रपोजल लॉक कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित करने की अंतिम तिथि 05 फरवरी निर्धारित है।

